**Regarding need to appoint an agency for monitoring and ensuring safety and security of public parks in cities-Laid**

श्रीमती मंजू शर्मा **(**जयपुर**) :** देश के हर ऱाज्य में बड़े-बड़े शहरों में छोटे बड़े पार्क होते है । उनकी देखरेख उस शहर की नगर निगम या विकास प्राधिकरण करती हैं । आमतौर पर यह देखने में आया है कि नगर निगम और विकास प्राधिकरण इन पार्को के सौन्दर्यकरण पर लाखों रूपये खर्च करते है, इनमें बड़े बड़े फूलों के पौधे लगाए जाते है और उनको कीमती गमलों में सजाया जाता है, इसके अतिरिक्त, बहुत कीमती पत्थर के स्टेच्यू लगाए जाते है और सजावटी और नाचते हुये फव्वारें लगाये जाते है और बड़ी सुन्दर लाइटिंग की जाती है जब यह सब कुछ लग जाता है तो पार्क बहुत ही सुन्दर और मनमोहक लगने लगते है, लोग काफी लालायित रहते है इस दृश्य को देखने के लिए और समय निकालकर उस पार्क में अवश्य जाते है । माननीय अध्यक्ष जी, मेरा सरकार को सुझाव है कि देश के प्रत्येक बड़े शहर में ऐसे पार्को की देखभाल करने के लिए एक एजेन्सी नियुक्त की जाये जिसका काम पार्को की निगरानी और उसकी सुरक्षा की जिम्मेवारी हो, इससे स्थानीय संस्थाओं ने जो पैसा पार्को के सौन्दर्यकरण में खर्च किया है उसका सदुपयोग हो सके ।